**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1695**
**उत्तर देने की तारीख 13 दिसम्बर, 2023**

**यूएसओएफ**

**1695. श्री संजय काका पाटील:**
**डॉ. थोल तिरुमावलवनः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि योजना, जिसका उद्देश्य सभी ग्रामीण भारतीयों को विश्वसनीय और सर्वव्यापी दूरसंचार नेटवर्क तक वहनीय पहुंच प्रदान करना है, के अंतर्गत की गई प्रगति का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ग्रामीण भारत को विश्वसनीय दूरसंचार नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए कोई अन्य उपाय कर रही है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**संचार राज्य मंत्री**
**(श्री देवुसिंह चौहान)**

(क) से (घ) सरकार ने देश के ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में उच्च बैंडविड्थ क्षमता, मोबाइल सेवा और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी तथा अन्य दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक स्कीम शुरू की हैं। इन परियोजनाओं का विवरण इस प्रकार है:

(i) भारतनेट के तहत देश के 2,07,346 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया हैं। हाल ही में भारतनेट के कार्यक्षेत्र को 1.88 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से सभी बसे हुए गांवों को शामिल करने के लिए विस्तारित किया गया है। भारतनेट के तहत सेवा प्रदान करने के लिए

तैयार किए गए ग्राम पंचायतों का राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र-वार विवरण डीओटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(ii) सरकार ने विभिन्न यूएसओएफ स्कीमों के तहत देश में सेवा से वंचित सभी 54,808 गांवों को दूरसंचार कवरेज उपलब्ध कराने के लिए 41,331 करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय से 41,160 टॉवर संस्थापित करने की योजना बनाई है। 7,535 गांवों/स्थलों को शामिल करते हुए 6,394 मोबाइल टावरों को पहले ही शुरू किया जा चुका है और शेष कार्य प्रगति पर है। इसका विवरण डीओटी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(iii) द्वीप-समूहों पर कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए चेन्नई से पोर्ट ब्लेयर और आगे अंडमान-निकोबार के सात अन्य द्वीप-समूहों नामतः स्वराज द्वीप (हैवलॉक), लॉन्ग आइलैंड, रंगत, लिटिल अंडमान (हटबे), कामोर्टा, कार निकोबार और ग्रेट निकोबार (कैंपबेल बे) तक 2,313 किलोमीटर की सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाने का कार्य अगस्त-2020 में शुरू किया गया है। मुख्य भूमि (कोच्चि) और लक्षद्वीप द्वीप-समूह के बीच कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए एक सबमरीन ओएफसी परियोजना सभी बसे हुए 11 द्वीपों जिसमें कावारत्ती, कलपेनी, अगाती, अमिनी, अनद्रोत, मिनिकॉय, बंगाराम, बितरा, चेतलत, किल्तन और कदमत शामिल हैं, में कार्य प्रगति पर है।

(iv) पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों को उच्च गुणवत्ता और तीव्र गति की इंटरनेट पहुंच उपलब्ध कराने के लिए नवंबर-2021 और अप्रैल-2022 में बांग्लादेश सबमरीन केबल कंपनी लिमिटेड (बीएससीसीएल), बांग्लादेश से कोक्स बाजार/कुकाटा से होते हुए अगरतला तक 10 जीबीपीएस (प्रति सेकंड गीगा बिट) क्षमता वाली दो इंटरनेट अंतर्राष्ट्रीय बैंडविड्थ लिंक किराए पर लिया गया है।

*****